हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, शनिवार 30 मार्च 2024
कुरूद | सिहावा | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

तापमान
अधिकतम 39 डिग्री
न्यूनतम 27 डिग्री

13 पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ में सैकड़ों लोगों ने दी आहुति

14 ईसाई समुदाय ने गुड फ्राइडे मनाया, चर्च में की तीन घंटे आराधना


## खबर संक्षेप

### श्रीराम मंदिर में आज बसंतोत्सव

**कुरूद।** इस वर्ष भी नगर के हृदय स्थल पर स्थित प्राचीन श्रीराम मंदिर परिसर में मंदिर परिवार द्वारा रंगपंचमी के अवसर पर आज शाम सात बजे से बसंत उत्सव मनाया जाएगा। इस दौरान पारम्परिक नगाड़े की थाप पर फाग गीत गाते हुए फूलों की होली द्वारा उत्सव की खुशियां मनाकर पर्व की रौनकता में चार चांद लगाएंगे।

### गुजरा में ब्राम्हण समाज का होली मिलन 31 को

**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम गुजरा में धमतरी भखारा परिक्षेत्रीय ब्राम्हण समाज का होली मिलन कार्यक्रम 31 मार्च को दोपहर 2 बजे रखा गया है। कार्यक्रम में धमतरी भखारा क्षेत्र के सभी ब्राम्हण समाज प्रमुख उपस्थित होंगे।

### यादव समाज का होली मिलन 31 को

**धमतरी।** कोसरिया यादव समाज नगर इकाई धमतरी का होली मिलन समारोह 31 मार्च रविवार को सामाजिक भवन आमातालाब धमतरी में सुबह 11 बजे से रखा गया है। अध्यक्ष रामेश्वर यादव ने बताया कि होली मिलन से पूर्व गीता जयंती, आय-व्यय की जानकारी दी जायेगी। सामाजिक विषयों पर चर्चा होगी।

### यादव समाज की बैठक आमदी में 31 को

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ कोसरिया यादव समाज धमतरी राज की बैठक में आमदी में 31 मार्च रविवार को सुबह 11 बजे रखी गई है। पदाधिकारियों एवं सदस्यों की उपस्थिति में विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। बैठक के बाद समाजजनों के मध्य होली मिलन का कार्यक्रम होगा। समाज के सचिव ने सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों से उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### बिजली की आंख-मिचौली से लोग परेशान

**नगरी।** होली त्योहार के बाद से बढ़ती हुई भीषण गर्मी और बिजली गुल से लोग परेशान हो रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि इन दिनों गर्मी बढ़ गई है। ऊपर से बिजली बंद किए जाने से और परेशानी बढ़ गई है। उन्होंने शासन-प्रशासन से इस भीषण गर्मी में बिजली बंद नहीं करने का निवेदन किया है।

### बटंची चाकू के साथ युवक गिरफ्तार



**धमतरी।** आम जगह पर चाकू दिखाकर लोगों को धमका रहे युवक को रूद्री पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट की कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार पुरानी बात को लेकर प्रदीप नायक पिता मोहन 26 वर्ष शिव चौक गंगरेल थाना रूद्री निवासी को चौक में भूपेंद्र साहू उर्फ पिंटू ने अश्लील गाली-गलौज कर बटंची चाकू दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी भूपेंद्र साहू उर्फ पिंटू पिता तुलाराम 35 वर्ष कोष्टापारा गंगरेल थाना रूद्री निवासी के खिलाफ 294, 323 भादवि एवं आर्म्स एक्ट 25, 27 के तहत अपराध दर्ज किया गया है। विवेचना के दौरान पुलिस ने आरोपी भूपेंद्र साहू को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी से एक नग स्टील का धारदार बटंची चाकू जब्त किया गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

माह के अंतिम दिन शनि-रविवार को भी कार्यालय में काम-काज रहेगा जारी

# लक्ष्य पूरा करने अवकाश के दिनों में भी हो रही धड़ाधड़ रजिस्ट्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शुक्रवार को गुड फ्राईडे पर जहां तमाम शासकीय संस्थाओं के अधिकारी-कर्मचारी छुट्टी मना रहे थे, वहीं उपपंजीयक कार्यालय धमतरी में जमीन रजिस्ट्री का काम धड़ाधड़ हो रहा है। गत वर्ष की तुलना में अधिक रजिस्ट्री होने के बाद भी उपपंजीयक कार्यालय लक्ष्य से पीछे है।

उपपंजीयक कार्यालय धमतरी से प्राप्त जानकारी के अनुसार सन 2022-23 में 6167 डाक्यूमेंट की रजिस्ट्री हुई थी। इससे शासन को 26 करोड़ 24 लाख 24 हजार 966 रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ था। सन 2023-24 में शासन से 29 करोड़ रूपए राजस्व का लक्ष्य मिला है। फरवरी माह तक 5982 डाक्यूमेंट की रजिस्ट्री से 23 करोड़ 1 लाख 7 हजार 738 रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ है। वहीं मार्च की 28 तारीख तक 625 डाक्यूमेंट की रजिस्ट्री हुई है। जिसमें लगभग 2 करोड़ की राजस्व प्राप्ति हुई है। पिछले वर्ष की तुलना में करीब 4 प्रतिशत का अंतर आने की संभावना है। रजिस्ट्री कार्यालय पहुंचे भीम सेन, ज्याउल खान ने बताया कि मार्च के बाद जमीन की गाइडलाइन दर में 5 से 15 प्रतिशत तक की वृद्धि हो सकती है। मार्च माह के बाद रजिस्ट्री कराने पर नई गाइडलाइन के हिसाब से रजिस्ट्री खर्च बढ़ जाएगा।



### डायवर्सन के लिए टाइम लिमिट जरूरी


स्टाम्प लेखक विनोदराव रणसिंह ने बताया कि अवैध प्लाटिंग में लोगों को जमीन सस्ते दाम पर मिल जाती है। जबकि डायवर्टेड प्लाट को खरीदने में लोगों के पसीने निकल जाते हैं। शासन को प्लाट के डायवर्सन के लिए टाइम लिमिट काउंटर बनाकर लोगों को सुविधा देने की जरूरत है। डायवर्सन के चक्कर में लोग सालों भटकते रहते हैं जिसके कारण लोग बिना डायर्वसन कराए कृषि भूमि पर मकान तैयार कर लेते हैं। उन्होंने बताया कि शासन नजूल जमीन 200 से 300 फीट का बिना डायवर्सन की रजिस्ट्री करता है, जबकि लगानी जमीन की रजिस्ट्री के लिए यह छूट नहीं है।

### कलेक्टर गाइडलाइन में 5 से 15 प्रतिशत होगी वृद्धि

विभागीय जानकारी के अनुसार कलेक्टर गाइडलाइन में जिले के आवासीय एवं कृषि जमीन पर 5 से 15 प्रतिशत तक वृद्धि हो सकती है। शहर के बालक चौक की जमीन सबसे अधिक कीमती है।

# गरज-चमक के साथ बिजली गिरने की संभावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



जिले का तापमान शुक्रवार को 40 डिग्री पर पहुंच गया। गर्मी से राहत के लिए लोग उपाय करने लगे हैं वहीं मौसम के फिर से खराब होने की सूचना है।

मौसम विज्ञान केन्द्र रायपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक चक्रवाती परिसंचरण दक्षिण-पश्चिम मध्यप्रदेश और इससे लगे क्षेत्र में 0.9 किमी की ऊंचाई पर स्थित है। उत्तर तमिलनाडु से परिसंचरण तक एक ट्रफ हवा का विच्छेदन है। इसके प्रभाव से शनिवार को प्रदेश के एक-दो स्थानों पर हल्की वर्षा तथा गरज-चमक के साथ अंधड़ चलने तथा वज्रपात हो सकता है। प्रदेश में आगामी 3 दिनों तक तापमान में विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है। मध्य छग के जिलों में अधिकतम तापमान 39 से 41 डिग्री के बीच रहने की संभावना है।

### धूप से बचने लोग कर रहे उपाय



मार्च माह के अंतिम दिनों में तापमान 40 डिग्री पहुंच गया है। गर्मी और उमस से लोगों की बैचेनी बढ़ गई है। दोपहर को धूप से बचने स्कार्फ और गमछा का उपयोग कर रहे हैं। घरों में कूलर, एसी, पंखा घूमने लगा है। लोग गन्ना रस सहित ठंडा पेय पदार्थों से कंठ गीला कर रहे हैं। तापमान बढ़ने से लोग शाम को शापिंग करने निकलने लगे हैं। जिला अस्पताल के डॉक्टर संजय वानखेड़े ने ज्यादा से ज्यादा पानी पीने की सलाह देते हुए कहा है कि तेज धूप से बचने की कोशिश करें। लू लगने की आशंका बढ़ गई है। तैलीय पदार्थों के सेवन से बचना चाहिए।

# अक्षय तृतीया पर नहीं है शादी का मुहूर्त

- शुक्र के अस्त हो जाने पर दो माह नहीं बजेंगी शहनाइयां

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



सूर्य का मकर राशि में आ जाने के बाद अंचल में शादी ब्याह का सीजन शुरु हो जाता है। यह जनवरी से प्रारंभ होकर अप्रैल तक चलेगा। मई-जून में शादी का कोई मुहूर्त नहीं है। इसके बाद जुलाई में शादियों का शुभ मुहूर्त है।

पं. राजकुमार तिवारी ने बताया कि इस वर्ष शुक्र के अस्त हो जाने के कारण मई और जून में शादियां नहीं हो पाएंगी। अबूझ मुहूर्त कहे जाने वाले अक्षय तृतीय यानी अक्ति के दिन भी कोई शुभ मुहूर्त नहीं है, इसलिए अक्ति पर शादी ब्याह नहीं हो सकेगा। अक्षय तृतीया इस वर्ष 10 मई को है। यह दिन शादियों के लिए अबूझ मुहूर्त होता है। अक्ति में बगैर मुहूर्त देखे वर-वधु सात फेरे ले लेते हैं।

श्री तिवारी ने बताया कि 29 अप्रैल को शुक्र सूर्य के नजदीक आ जाएगा। सूर्य के नजदीक जो भी ग्रह आता है, उसे अस्त माना जाता है। 29 अप्रैल से 61 दिनों तक शुक्र अस्त रहेगा। 28 जून को शुक्र ग्रह के उदय होने के बाद मांगलिक कार्य, शादी ब्याह फिर से शुरु होंगे। 15 जुलाई तक देवशयन होने तक शुभ मुहूर्त है। शादी के लिए अप्रैल में 18, 19, 20 को शुभ मुहूर्त है। इसी प्रकार मई-जून को छोड़कर जुलाई में 9, 11, 12, 13, 14 और 15 को, इसके बाद चार माह देवशयनी, नवंबर में 12, 13, 16, 17, 18, 22, 23, 25, 26, 28 और 29 को तथा दिसंबर में 4, 5, 9, 10 तथा 14 को शादी के लिए शुभ मुहूर्त है।

# कार से 4 लाख 50 हजार रुपए नकद बरामद

## वाहनों की जांच के दौरान आमदी बार्डर के देवकोट में एसएसटी टीम ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



ग्राम देवकोट में एसएसटी टीम ने वाहनों की जांच के दौरान एक कार से 4 लाख 50 हजार रूपये नकद बरामद किया। 500 रूपए के 900 नोट थे।

लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता गांधी के निर्देश तथा पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय के मार्गदर्शन में धमतरी शहर सहित जिले के सीमावर्ती थानों के अंतर्राज्यीय सीमा बॉर्डर चेक पोस्ट एवं एसएसटी, एफएसटी टीम को सख्ती से वाहन और संदिग्धों की जांच करने के निर्देश दिए गए हैं। इसी कड़ी में थाना अर्जुनी क्षेत्र में आमदी बार्डर ग्राम देवकोट में एसएसटी टीम ने जांच के दौरान 28 मार्च की रात्रि बीजापुर से भिलाई रोड में जा रहे कार क्र. सीजी 07 ए वाय 2600 से 4 लाख 50 हजार रूपये नकद (500 के 900 नोट) बरामद किया।

पुलिस अधीक्षक से मिली जानकारी के मुताबिक कार में मनीष सिंह गौर सवार थे। किराए की कार से ड्राइवर के साथ बीजापुर से भिलाई जा रहे थे। युवक द्वारा रकम के संबंध में वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने व संतोषजनक उत्तर नहीं देने पर इसे जब्त कर जांच में लिया गया। आगे की कार्रवाई जारी है।

कलेक्टर नम्रता गांधी के निर्देश पर सीएमएचओ ने ली केमिस्ट संघ की बैठक

# मेडिकल स्टोर पहुंचने वाले टीबी मरीजों का रिकार्ड रखेंगे केमिस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



प्रधानमंत्री टीबीमुक्त भारत के तहत रोगियों को निःशुल्क उपचार के संबंध में समझाइश देने सीएमएचओ ने जिला केमिस्ट संघ की बैठक लेकर मेडिकल पहुंचने वाले टीबी रोगी का रिकार्ड रखने कहा है।

कलेक्टर नम्रता गांधी के निर्देश पर गुरुवार को सीएमएचओ ने जिला के केमिस्ट संघ की बैठक ली। बैठक में केमिस्टों से चर्चा करते हुए बताया कि टीबी रोग से संबंधित दवाई खरीदने मरीज या उसके परिजन मेडिकल स्टोर्स आते हैं तो उनका रिकार्ड रख उन्हें समझाइश देना है कि सरकारी अस्पतालों में टीबी की दवाई निःशुल्क उपलब्ध है। इस दौरान यह भी चर्चा की गई कि टीबी रोग सामान्यतः गरीब वर्ग के लोगों में ज्यादातर देखा जाता है। पोषण स्तर सामान्य से कम होने के कारण शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता कम हो जाती है। वहीं इस वर्ग के ज्यादातर लोग धूम्रपान भी करते हैं जिसके कारण उन लोगों में टीबी रोग होने की संभावना बढ़ जाती है। रोगी के पोषण स्तर को बनाए रखने के लिए अतिरिक्त पोषण आहार की आवश्यकता होती है। इसके लिए निक्षय मित्र बनाया जाता है।

सीएमएचओ ने बताया कि टीबी रोगी के अतिरिक्त पोषण आहार का खर्च उठाने वालों से रेडक्रास सोसायटी धमतरी के बैंक खाते में दान देने के लिए लिए भावनात्मक अपील की गई है। वहीं निक्षय पोषण योजना के तहत शासन द्वारा टीबी के मरीजों को इलाज की पूरी अवधि तक पोषण सहायता के रूप में प्रत्येक माह 500 रुपए उसके खाते में डीबीटी से भेज दिया जाता है। इस दौरान बड़ी संख्या में जिला केमिस्ट संघ के सदस्य व टीबी विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# पीडब्ल्यूडी कार्यालय परिसर में खड़ी तीन बाइक में लगी आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी




पीडब्ल्यूडी कार्यालय परिसर में खड़ी तीन बाइक में अचानक आग लग गई। आग पर काबू पाने तक तीनों वाहन काफी जल गए।

मिली जानकारी के अनुसार रत्नाबांधा मार्ग में पीडब्ल्यूडी का कार्यालय है। यहां परिसर में बनी पार्किंग में तीन बाइक खड़ी थी। दोपहर तक सब कुछ सामान्य ढंग से चल रहा था। कर्मचारी अपने- अपने काम में व्यस्त थे। इसी दौरान आफिस परिसर की पार्किंग में शेड के नीचे खड़े वाहनों में आग लग गई। वहां के प्यून ने वाहनों में आग देख अधिकारी कर्मचारियों को घटना की जानकारी दी। पानी व रेत की मदद से आग पर काबू पाया गया।आग बुझाये जाने तक गाड़ियों को नुकसान हो चुका था। बताया जाता है कि उक्त गाड़ियां सीजी 05 एजी 0108 पीडब्ल्यूडी के अधिकारी एमडी पैकरा, सीजी 07 एलआर 2144 शिवनाथ कुमार व सीजी 05 एबी 2125 सौरभ गजेंद्र की है।

एसपी ने किया परेड व जवानों के फिटनेस का निरीक्षण

# पीटी परेड में हथियारों के खोल-जोड़ के साथ बलवा ड्रील

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



पुलिस लाइन रूद्री में आयोजित पीटी परेड में पुलिस अधिकारियों व जवानों को शस्त्र अभ्यास व हथियारों के खोल-जोड़ के साथ बलवा ड्रील कराया गया।

पुलिस परेड ग्राउंड में शुक्रवार को पीटी परेड ली गई। इस दौरान पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय द्वारा पीटी परेड का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में फिट पाए गए जवानों को एसपी ने पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया। तत्पश्चात जवानों को शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए पीटी परेड व दौड़ लगवाई गई। पुलिस लाइन में जवानों को स्वस्थ रहने के लिए रनिंग, वॉकिंग, पीटी, सूक्ष्म व्यायाम के साथ- साथ शस्त्र अभ्यास कराया गया। एसपी ने परेड में उपस्थित कर्मचारियों को नशे से दूर रहने, उचित पौष्टिक आहार लेने एवं फिट रहने के लिए टिप्स दिए। जवानों को सकारात्मक सोच रखने के संबंध में बताया गया और निष्ठापूर्वक अपने कर्तव्य का पालन करने साफ सुथरी वर्दी पहनने आदि संबंध में बताया गया। पीटी परेड में एसपी ने पुलिस जवानों को शस्त्रों के बारे में आवश्यक जानकारी देते हुए हथियारों को खोलने -जोड़ने का अभ्यास कराया। इसके साथ ही अश्रुगैस के प्रयोग की जानकारी देते हुए बलवा ड्रील, क्रेन ड्रील का भी अभ्यास कराया।

इस दौरान डीएसपी नेहा पवार, प्रशिक्षु डीएसपी, रक्षित निरीक्षक दीपक शर्मा, कोतवाली प्रभारी शरद ताम्रकार, केरेगांव व दुगली थाना प्रभारी, एएसआई रामावतार राजपूत सहित अन्य पुलिस अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

### कहार भोई समाज का होली मिलन आज

**कुरूद।** छत्तीसगढ़ कहार भोई समाज कुरूदराज का होली मिलन कार्यक्रम रंगपंचमी के दिन 30 मार्च शनिवार को दोपहर 3 बजे से वार्ड नंबर सात वृंदावन सरोवर स्थित भगवान नर्मदेश्वर मंदिर के पास रखा गया है। इस अवसर पर कुरूद राज के सभी सामाजिक बंधु आपस में स्नेह, समरसता, समन्वय, सहयोग और भाईचारा का रंग लगाकर सामाजिक गतिविधियों को मजबूत बनाते हुए संगठन पर बल देंगे। समाज के अध्यक्ष सोहन कश्यप , सचिव-कोषाध्यक्ष खूबलाल नाग, प्रचार-प्रसारक मुकेश कश्यप और कोमेश्वर नाग ने समाजजनों से उपस्थिति की अपील की है।

पाठक सूचना
धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

## खबर संक्षेप

### सीएम विष्णुदेव साय की आज बांदे में होगी सभा

**कांकेर।** लोकसभा कांकेर के अंतागढ़ विधानसभा के अंतर्गत ग्राम बांदे में प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय की चुनावी सभा आज 30 मार्च को दोपहर 1 बजे के आसपास होगी। अंतागढ़ के विधायक विक्रम उसेंडी मुख्यमंत्री की सभा की तैयारी के लिए एक दिन पहले से बांदे पहुँच गए और क्षेत्र के कार्यकर्ताओं से संवाद किया और वृहद कार्यक्रम करने की रूपरेखा को तैयार किया। बांदे के अलावा परलकोट के पूरे ईलाके के लोग सीएम को सुनने के लिए पहुँचेंगे। भाजपा की सरकार बनने के बाद सीएम पहली बार अंतागढ़ विधानसभा के बांदे में पहुँचेंगे और चुनावी सभा को संबोधित करेंगे।

### पंचायत सिवनी में आज वार्षिक मेला

**दुर्गुकोंदल।** विकासखण्ड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत सिवनी में आज शनिवार 30 मार्च को वार्षिक मेला का आयोजन किया गया है। ग्राम पटेल रामूराम मंडावी, बिहारीलाल सिंहा, सरपंच उमेश्वरी मंडावी एवं अन्य ग्रामीणों ने बताया है कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 30 मार्च को एक दिवसीय वार्षिक मेला का आयोजन किया गया है। मेला में आसपास के देवी, देवता, ग्राम पटेल, गायता, पुजारी व ग्रामीण व्यापारी पहुंचेंगे वहीं मेला के अवसर पर रात्रि में छत्तीसगढ़ी लोककला मंच भुइयां के सिंगर मचादूर ओचेटोला बालोद जिला की प्रस्तुति दी जाएगी।

### खेत पर मिला पति-पत्नी का शव, विवेचना प्रारंभ

**कांकेर।** दुधावा चौकी अंतर्गत ग्राम सांईमुंडा में खेत की ओर महिला और पुरूष का शव खेत के मेड़ में पड़ा हुआ मिला। पुलिस को खबर मिलते ही पुलिस ने जाँच शुरू कर दिया। जानकारी के अनुसार सांईमुंडा निवासी 31 वर्षीय अरीब नेताम पिता दुखुराम ने पुलिस को बताया कि मृतक सांईमुंडा निवासी 35 वर्षीय अरविंद नेताम पिता दुखुराम ने चोरिया के 32 वर्षीय दुर्गा नेताम पति अरविंद को सांईमुंडा में अपने साथ रखा था। दुर्गा नेताम पूर्व में सतनामी समाज में शादी किया था।

## निधन

### अजय मिश्रा



**धमतरी।** विंध्यवासिनी वार्ड निवासी अजय मिश्रा पिता स्व. कमलनारायण मिश्रा 39 वर्ष का आकस्मिक निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा निवास स्थान से निकाली गई। वे घनश्याम मिश्रा, आरक्षक गिरीश मिश्रा के छोटे भाई व नितिन पांडेय के साला थे।

### जीवन सेन



**नगरी।** लंबी बीमारी के कारण प्राथमिक लघु वनोपज सहकारी समिति आमाली के प्रबंधक जीवन सेन 60 वर्ष का 29 मार्च को रायपुर के अस्पताल में निधन हो गया। स्व. सेन सामाजिक स्तर पर एवं लघु वनोपज प्रबंधक संघ के कोषाध्यक्ष थे। वे खिलेश्वर सेन एवं चांदनी सेन के पिता थे। उनकी अंतिम यात्रा में परिजन, सामाजिकजन, गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित हुए।

ग्रामीण नाला का पानी पीने हो रहे मजबूर

# बागोडार में पेयजल संकट गहराया



हरिभूमि न्यूज ⏭कुकरेल(धमतरी)

ग्राम पंचायत लीलर के आश्रित ग्राम बागोडार में इन दोनों पेयजल की समस्या विकराल हो गई है। कुएं का पानी भी सूख गया है। नाला का पानी भी कम हो गया है। ग्रामीण इन दिनों निस्तारी एवं पेयजल की समस्या से जूझ रहे हैं ।

ग्रामीणों ने बताया कि यहां के लोगों को नल जल योजना का लाभ नहीं मिल पाया है। अलबत्ता तीन साल पहले पानी टंकी का निर्माण पीएचई विभाग द्वारा किया गया है लेकिन अभी तक उस टंकी में पानी भरने की सुविधा उपलब्ध नहीं है। ग्रामीण नल जल योजना से पानी मिलने का इंतजार कर रहे हैं। नल जल योजना के तहत पाइप लाइन का विस्तार तो हो चुका है लेकिन पानी नहीं मिलने से ग्रामीण त्रस्त हैं। ग्रामीणों ने बताया कि इसकी जानकारी कलेक्टर जनदर्शन तथा पीएचई विभाग के आला अफसरों को कई बार दी जा चुकी है लेकिन किसी ने इस समस्या को गंभीरता से नहीं लिया है जिसके कारण आज ग्रामीण नाला का गंदा पानी पीने को मजबूर हो चुके हैं।

गौरतलब है कि अब गर्मी शुरू हो गई है। यदि पेयजल समस्या का निदान नहीं किया गया तो लोग नाला का गंदा पानी पीकर बीमार हो सकते हैं।

ग्रामीणजनों का कहना कि इस समस्या से क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों एवं जिला अधिकारियों को कई बार अवगत कराया जा चुका है लेकिन समस्या का निदान नहीं हुआ। ग्रामीणों ने जिलाधीश एवं पीएचई विभाग के आला अधिकारी से पेयजल समस्या को दूर करने एवं नल जल योजना की पाइपलाइन में कनेक्शन कर पेयजल प्रदान करने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि वर्षों पहले ग्रामीण जल जीवन मिशन के तहत पानी टंकी का निर्माण किया गया लेकिन अभी तक एक भी बूंद पानी नहीं भरा नहीं गया है। गांव के लोगों को मात्र कुएं का पानी उपलब्ध हो पाता है वह भी अब जवाब देने लगा है।

ग्रामीण मनाराम, चंद्रहास, छत्रपाल, हेमंत, कामदेव, बरातू राम, श्यामलाल, डोमन, अजय, भुनेश्वर, कुलेश्वर ध्रुव, कृष्णा नेताम, आत्माराम नेताम, कुशल कुमार ध्रुव, घनश्याम मण्डावी, राजाराम, विशेष नेताम, निरंजन, तिलक, पोखन, जोहत और रोहित नेताम ने जिलाधीश से ग्राम बागोडार में पेयजल उपलब्ध कराने की मांग की है।

# सिरामिक उत्सव नगाड़ा में 21 कलाकार करेंगे प्रदर्शन

**कुरुद में आज से 1 अप्रैल तक राष्ट्रीय स्तर की सिरामिक कार्यशाला लगी**

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

हीरा सिरामिक फाउंडेशन कुरुद द्वारा आज से 1 अप्रैल तक राष्ट्रीय स्तर की सिरामिक कार्यशाला आयोजित की जा रही है जिसमें महाराष्ट्र, गुजरात, उत्तरप्रदेश और छत्तीसगढ़ के 21 कलाकार भागीदारी करेंगे। इसे सिरामिक उत्सव नगाड़ा 2024 नाम दिया गया है।

कार्यशाला के संयोजक और हीरा सिरामिक फाउंडेशन के अध्यक्ष अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त कलाकार चिरायु सिन्हा ने बताया कि युवा कलाकारों को प्रोत्साहन देने फाउंडेशन हर साल होली के बाद रंग पंचमी के दिन से सिरामिक कार्यशाला का आयोजन करता है। नवयुवा कलाकारों को देश के विभिन्न भागों से आये हुए वरिष्ठ कलाकारों के साथ काम करने का और चर्चा करने का मौका मिलता है। सम-सामयिक घटनाओं की जानकारी भी प्राप्त होती है। अगले वर्षों से यह कार्यशाला अंतरराष्ट्रीय स्तर पर होने जा रही है जिसमें विदेशी कलाकार भी शामिल करेंगे। चिरायु सिन्हा ने बताया कि भारतीय संस्कृति की महिमा चारों ओर फैली हुई है। इस कार्यशाला से दूसरे राज्य से आये कलाकारों को छत्तीसगढ़ की पारंपरिक और सांस्कृतिक गतिविधियों की जानकारी प्राप्त होगी। इसी कारण कार्यशाला का नाम नगाड़ा उत्सव रखा गया है। हमारी लोक परंपरा नगाड़ा के साथ जुड़ी हुई है और नगाड़ा के साथ लोकगीत और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम को भी जोड़ा गया है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि योगेन्द्र त्रिपाठी, सुनीता वर्मा, हुकुम लाल वर्मा और अनंत साहू कलाकारों के साथ कार्यशाला का आनंद उठायेंगे। अन्य अतिथि कलाकार महाराष्ट्र से अपूर्व नंदी मुकुन्द जेठवा, गुजरात से कृष्ण पडिया, शैलेष पंडित, उत्तरप्रदेश से प्रेमशंकर प्रसाद, डॉ. लकी टांक और छत्तीसगढ़ से विजया त्रिपाठी, रानी मदाने, राधिका चौहान,विभूति जैन, प्रवीण कुमार प्रजापति, जितेन्द्र साहू, अरूणेश वासुदेव, संयोजक देशना जैन अपनी-अपनी कला से कुरुद नगर में कलारंग का नगाड़ा बजाकर रंग पंचमी का त्योहार मनाएंगे।

# माता-पिता की सेवा ही सबसे बड़ा धर्म : उत्तम साहेब

- सिवनीकला में दो दिवसीय वार्षिक सत्संग समारोह का समापन





हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री

ग्राम सिवनीकला के कबीर आश्रम चंदन बाग में आश्रम प्रमुख बालेश्वर दास के सहयोग से दो दिवसीय वार्षिक सत्संग समारोह का आयोजन हुआ। इसमें उत्तम साहेब, संयम साहेब, रमेश साहेब, नियम साहेब, संबलदास साहेब, पूनमदास साहेब, भुनेश्वर साहेब, निकटेश्वर साहेब सहित क्षेत्र की संत मंडलियां और साध्वियां उपस्थित हुई। प्रमुख प्रवचनकर्ता बुरहानपुर के उत्तम साहेब थे। 28 मार्च को दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक बीजक पाठ एवं भजन प्रवचन हुआ। दूसरे दिन 29 मार्चको सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक भजन, संतों का प्रवचन एवं पूजा आरती हुई। श्रोताओं को भोजन प्रसादी का वितरण किया गया। इस अवसर पर उत्तम साहेब और बालेश्वर दास ने अपने प्रवचन में कहा कि माता-पिता की आजीवन सेवा करना मानव का सबसे बड़ा धर्म है। आज मनुष्य अपने माता पिता की सेवा करने में अपने पांव पीछे खींच रहे हैं जिसके कारण आज लगातार वृद्धा आश्रम खुल रहे हैं। आगे कहा कि मां बाप की सेवा में ही सबसे बड़ा पुण्य है। मनुष्य को यह संस्कार अपनी संतान को भी देना चाहिए। यदि कोई व्यक्ति अपने माता- पिता की सेवा नहीं करता है तो उसकी संतान पर इसका गलत प्रभाव दिखाई पड़ता है। बाद में वही संतान अपने परिजनों के दुख का कारण बन जाती है। संतों से जुड़े रहने और उनकी संगत करने से सदमार्ग की प्राप्ति होती है। मनुष्य अपने जीवन में उचित निर्णय लेने में सक्षम हो पाता है। सत्संग सुनने विक्रम साहू, चंद्रप्रकाश साहू, दाऊ टकेश्वर चंद्राकर, रामेश्वर साहू, सुशील साहू, खिलावन चंद्राकर, दिलेश्वर साहू, टेकराम साहू, दीपदान साहू, कुंजीलाल, मोहन, डीहूराम, रामआसरा, जितेंद्र, तुलाराम, द्वारिका, मुरलीराम, ज्ञानचंद, राधेलाल, गिरधर, बोधन, रवि गंजीर, पेमान, राजकुमार, बिरजू, काशी तारक, बोधन पटेल, रामसुंदर, दिलीप, दिलेंद्र, इंदु, बिसेसर, भूषण, रामसिंग, बबलू समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# 14 लीटर शराब जब्त दो कोचिए गिरफ्तार

**कांकेर।** कांकेर और बांदे पुलिस ने 28 मार्च को छापामार कार्यवाही करते हुए दो शराब कोचिए से 14 लीटर महुआ शराब को जप्त किया। दोनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। कांकेर पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली कि ग्राम कन्हनपुरी निवासी संतोषी यादव अपने घर में भारी मात्रा में महुआ शराब रखकर बिक्री करने ग्राहक तलाश रही है। कांकेर पुलिस ने मुखबिर की जानकारी की तस्दीक करने के उपरांत पुलिस ने छापामार कार्यवाही करते हुए आरोपी ग्राम कन्हनपुरी फरसापारा निवासी 37 वर्षीय संतोषी यादव पति श्यामजी यादव के घर दबिश दिया। आरोपी के कब्जे से 28 मार्च की शाम सवा 7 बजें घर बाड़ी में रखे हुए 7 लीटर महुआ शराब कीमत करीबन 700 रूपएं और नगद 200 रूपएं को जप्त कर धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। बांदे पुलिस ने 28 मार्च की शाम करीबन 5 बजें छापामार कार्यवाही करते हुए ग्राम नेहरूटोला कुरेनार निवासी कमल सिंह नाग पिता मोतीराम के कब्जे से 7 लीटर महुआ शराब कीमत 840 रूपएं को जप्त कर धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

# अटंग में वार्षिक सत्संग समारोह आज



हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री

ग्राम अटंग में बालेश्वर दास साहेब द्वारा एकदिवसीय वार्षिक सत्संग समारोह का आयोजन 30 मार्च शनिवार को रखा गया है। सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक भजन, संतों का प्रवचन एवं पूजा आरती की जायेगी। इसके बाद भोजन प्रसादी का वितरण होगा। सदगुरु कबीर साहेब के पारख ज्ञान को जन-जन पहुंचाने यह समारोह आयोजित किया जा रहा है। सत्संग समारोह में अन्य संत और साध्वियां भी उपस्थित होंगी।

कार्यक्रम की तैयारी में मिलऊ राम, नरेंद्र साहू, गणेश साहू, झगरू राम, रामप्यारी, शिवकुमार, भोजकुमार, रोशन चंद्राकर, रमऊ राम, लोकेश्वर, उमाकांत, भूखन, रूद्रनाथ साहू, शिवकुमार साहू, कलीराम, भागवत, इंद्रु राम, रूपेंद्र, चंद्रहास, चंदूराम, उमेंदी साहू, तेजेंद्र, छबि लाल, दुलेश्वर, दानेश्वर, रूपचंद, सोमप्रकाश, बिहारी राम, ढालूराम, सत्यनारायण, जागेश्वर, यादराम, नारायण, भागवत, संतवन जुटे हैं।

# रामबाग बाजार में नुक्कड़ नाटक से बताया, मतदान का महत्व

- क्रेता-विक्रेताओं ने 26 अप्रैल को मतदान करने की ली शपथ





हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता गांधी के निर्देश और सीईओ जिला पंचायत तथा स्वीप जिला नोडल अधिकारी रोमा श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में जिले में स्वीप गतिविधियां चलाई जा रही हैं। इस दौरान लोगों को शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। स्थानीय रामबाग बाजार में नेहरू युवा केन्द्र, जननी सेवा संस्थान, राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सदस्यों ने सामग्री बेचने वाले और खरीदी करने आये लोगों को आकर्षक नुक्कड़ नाटक के जरिए मतदान के महत्व के बारे में समझाया। इस मौके पर लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत 26 अप्रैल होने वाले मतदान की जानकारी देते हुए लोगों के साथ सभी ने एकसाथ मिलकर नारे लगाए।

रामबाग बाजार में आयोजित स्वीप नुक्कड़ नाटक में उपस्थित लोगों ने मतदान करने की शपथ ली। इस अवसर पर आकाश गिरी गोस्वामी, शेष नारायण गजेंद्र, केपी साहू, होमेश्वर प्रसाद चंद्राकर, खोमन लाल साहू, लक्ष्मी नारायण सिन्हा, सूर्यकांत गिरी गोस्वामी, लोकेश साहू, वासुदेव साहू सहित बड़ी संख्या में शहरवासी और बाजार पहुंचे आसपास के ग्रामीण उपस्थित थे।

# बांसपानी स्कूल में आठवीं के छात्रों को दी विदाई



हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

माध्यमिक शाला बांसपानी की प्रधानपाठिका श्रीमती लक्ष्मी सार्वा के मार्गदर्शन में छठवीं सातवीं के बच्चों द्वारा आठवीं के छात्र-छात्राओं को विदाई दी गई। सातवीं के छात्र देवेंद्र कुमार ने मंच संचालन किया। सर्वप्रथम सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने सरस्वती माता का पूजा-अर्चना की। आठवीं के छात्र-छात्राओं ने अपने उद्बोधन में प्रधानपाठिका एवं सभी शिक्षकों का धन्यवाद देते हुए अच्छी शिक्षा देने की बात कही। छठवीं-सातवीं के छात्र-छात्राओं ने अच्छी पढ़ाई कर जीवन में सफलता हासिल करने की बात कही। संकुल समन्वयक जसपाल सिंह खनूजा ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना कर अच्छी पढ़ाई करने उत्साहित किया। मौके पर माध्यमिक शाला के शिक्षक गैंदलाल नेताम, रूमेश कुमार शांडिल्य, ऐश्वर्या कुमार सार्वा एवं प्राथमिक शाला ठेमलीपारा के प्रधानपाठक खेमचंद पाटिल उपस्थित थे।

# साल्हेटोला में घर में घुसकर ग्रामीण की पिटाई, दो दबंगों पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

थाना कांकेर अंतर्गत ग्राम साल्हेटोला में गांव के ही दो लोगो ने रात को दूसरे के घर के सामने जाकर गाली गालौज कर जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। ग्रामीण द्वारा विरोध करने पर दोनो आरोपियों ने एक राय होकर उसके साथ हाथ मुक्का से मारपीट किया। पुलिस ने दोनो आरोपियों के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज किया गया। थाना में शिकायत करने पहुंचे साल्हेभाट निवासी 62 वर्षीय रूपराय मंडावी पिता स्व. बन्नूराम मंडावी ने पुलिस को बताया कि खेती मजदूरी का काम करता हूं और 28 मार्च को अपने घर पर खाना खाकर सो रहा था। साल्हेभाट निवासी लखन लाल उईके और विक्की उईके बीती रात को लगभग 11 बजे मेरे घर के पास आकर दरवाजा को खटखटाकर जोर जोर से चिल्लाने लगे। मैं उठकर देखा तो मुझे दोनो लोग एक राय होकर गाली गलौज कर रहे थे।

सी-विजिल, वेब कॉस्टिंग सहित विभिन्न कक्षों का किया निरीक्षण

# व्यय प्रेक्षक ने ली अधिकारियों की बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र महासमुंद के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक रामप्रभु उदाई ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक ली। इस मौके पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता गांधी ने लोकसभा चुनाव की तैयारियों से जुड़ी सभी गतिविधियों की जानकारी दी। व्यय प्रेक्षक श्री उदाई ने जिले में निर्वाचन दायित्व से जुड़े नोडल अधिकारियों से उनके द्वारा सम्पादित किए जाने वाले कार्यों के बारे में पूछा। इसके बाद उन्होंने कलेक्टोरेट स्थित सी-विजिल कक्ष का मुआयना कर अब तक प्राप्त शिकायतों और प्रक्रिया की जानकारी ली तथा वेब कॉस्टिंग कक्ष का निरीक्षण कर वीडियो का अवलोकन किया। इसके साथ ही जिला पंचायत में स्थापित लेखा टीम, वीवीटी, एमसीएमसी आदि का भी निरीक्षण किया और आवश्यक निर्देश दिए।

इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत रोमा श्रीवास्तव, पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय, अपर कलेक्टर जीआर मरकाम सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

Pride of Dhamtari

आपके शहर धमतरी में
प्रख्यात चिकित्सकों व्दारा चिकित्सा परामर्श
ओ.पी.डी.
अगर आप ब्रेन,स्पाईन सर्जरी एवं हृदय रोग से सम्बंधित लक्षण व परेशान है तो अवश्य परामर्श लेवें



स्थान : क्रिश्चन हॉस्पिटल,बस स्टैण्ड के सामने, धमतरी
डॉ. अक्षय बैद
MS, Mch, Neurosurgeon
ब्रेन सर्जरी विशेषज्ञ
29 मार्च 2024 शुक्रवार
पंजीयन आवश्यक - 9424942992
कृपया पुरानी रिपोर्ट साथ लावें

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 83058-71196, कुरुद - 98268-82770, नगरी -77488-10431,
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-238756

## खबर संक्षेप

### राधा-कृष्ण की वेशभूषा में खूब उड़ाए रंग गुलाल

**मगरलोड।** मगरलोड क्षेत्र में होली त्योहार सौहार्द्र शांतिपूर्ण, आपसी भाईचारे के साथ मनाया गया। नगर पंचायत मगरलोड भैंसमुंडी समेत ग्राम अरौद, मेघा, गिरौद, सौंगा, खैरझिटी, हरदी, राजपुर, मोहंदी, करेली छोटी, छिपली, लुगे, सोनपैरी, भरदा, परसवानी, बोड़रा, आमाचानी, भोथीडीह, रांकाडीह, कुंडेल, मोतिमपुर, खिसोरा, हसदा, नारधा में होली शांतिपूर्ण ढंग से मनाई गई। सुबह से ही बच्चे, युवा रंग गुलाल उड़ाते रहे। चौक- चौराहों पर नगाड़े के साथ फाग गीतों का आनंद उठाया। सुबह से दोपहर तक होली खेली गई। दोपहर बाद गांवों की पारंपरिक डंडा रहस पार्टी मादर की धुन पर नृत्य करते दिखी। राधा-कृष्णा की वेशभूषा धारण कर रंग गुलाल उड़ाते रहे। महिलाएं रसोई में ठेठरी, खुरमी, अरसा, पूड़ी, बड़ा व मीठे पकवान बनाने में व्यस्त रहीं। लोकसभा चुनाव के कारण आचार संहिता लगने की वजह से डीजे की अनुमति नहीं दी गई थी। गांव में कोई अप्रिय घटना सामने नहीं आई। होली के दिन पुलिस के चार पेट्रोलिंग वाहन दिनभर गस्त करते रहे।

### तहसील साहू समाज ने मनाया होली मिलन

**कुरूद।** तहसील साहू समाज कुरुद का होली मिलन कार्यक्रम राधेश्याम साहू की अध्यक्षता में तहसील साहू समाज भवन में किया गया। ग्रीष्मकालीन समर कैंप एवं करियर गाइडेंस तहसील के सभी परिक्षेत्र में 1 मई से 15 जून तक आयोजित करने और दानवीर भामाशाह जयंती 29 अप्रेल को मनाने का निर्णय लिया गया है। स्वास्थ्य शिविर एवं नाड़ी परीक्षण के माध्यम से विभिन्न स्वास्थ्य संबंधित जानकारी दी जाएगी। बैठक में राधेश्याम साहू अध्यक्ष, रघुनंदन साहू पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष, सुशील साहू कोषाध्यक्ष, शेखन साहू सचिव, संतोष साहू सहसचिव, कमलनारायण साहू अंकेक्षक, रामप्यारे साहू, कमलेश साहू, सोमन लाल साहू, रामायण लाल साहू, केआर साहू, तेजन साहू, कार्तिक साहू, प्रेमलाल साहू, गौतम साहू, ठाकुर साहू, लेखराम साहू उपस्थित थे।

### छात्र जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़े

**जीजामगांव।** सरस्वती शिशु मंदिर चटौद में इस वर्ष भी कक्षा सप्तम के छात्रों द्वारा कक्षा-अष्टम के छात्रों के लिए दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजेशराम साहू संयोजक पांचजन्य शिशु संस्कार समिति चटौद, विशेष अतिथि लिकेश साहू उपाध्यक्ष थे। अध्यक्षता डा.दुलारूराम साहू अध्यक्ष पां. शि.सं.स. चटौद ने की। अन्य अतिथि दुर्जनराम सोनगेर, खेमचंद साहू, पुरुषोत्तम साहू जनपद सदस्य कुरुद, प्रधानाचार्य रामगोपाल साहू थे। अतिथियों ने अपने उदबोधन में कहा कि शिशु मंदिर एक ऐसा विद्यालय है जहां पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ नैतिकता एवं आध्यात्मिक शिक्षा दी जाती है। छात्र अपने जीवन में एक लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़े। ऊंचा पद प्राप्त कर परिवार, विद्यालय तथा समाज का नाम रोशन करें। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य ने आभार व्यक्त किया।

### गायत्री परिवार ने भाठागांव में किया आयोजन, 13 परिजनों ने ली गुरु दीक्षा

# पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ में सैकड़ों लोगों ने दी पूर्णाहुति



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

गायत्री महिला मण्डल भाठागांव कुरुद द्वारा पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने पूर्णाहुति दी।

जिला समन्वयक दिलीप नाग ने बताया कि गुरुदेव की युग निर्माण योजना एवं विचार क्रांति अभियान के संदेश को जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है। कथावाचक परमानंद महाराज ने बताया कि यज्ञ कराना पुण्य एवं परमार्थ का कार्य है। यज्ञ से वातावरण के परिशोधन के साथ जीवन में पवित्रता एवं शुद्धता आती है। यज्ञ खुशहाल जीवन का आधार है। आचार्य द्वारा 23 दम्पतियों का सामूहिक विवाह दिवस संस्कार, 13 परिजनों का गुरु दीक्षा संस्कार, 7 मुण्डन, 35 विद्यारंभ, 3 पुंसवन संस्कार एवं 5 जन्मदिन संस्कार कराया गया। दिलीप नाग ने भाठागांव को नशा मुक्त गांव बनाने का संकल्प दिलाया। 3 लोगों ने शराब, गुटखा और तंबाकू छोड़ने का संकल्प लिया, जिनका आचार्य ने तिलक लगाकर आशीर्वाद दिया। विवाह दिवस संस्कार कराने वाले दम्पतियों एवं अतिथियों को पौधा भेंटकर पर्यावरण को स्वच्छ एवं प्रदूषण मुक्त बनाने का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम में महिला मण्डल की अध्यक्ष श्रीमती संध्या साहू, उपाध्यक्ष मीना साहू, सचिव कौशल साहू, सहसचिव गायत्री साहू, लता साहू, कोषाध्यक्ष तनुजा साहू, सगुना साहू, दुनेश्वरी साहू, सदन चौरे, केन्द्रीय टोली के सदस्य ओमप्रकाश साहू, ब्लाक समन्वयक बंशीलाल यदु, प्रमुख प्रबंध ट्रस्टी श्रीमती साधना देवांगन, हरषद मेहता, डॉ रामचंद्र मेश्राम, प्रदीप देवांगन, चेतन साहू, पुरुषोत्तम निर्मलकर, कार्तिक राम साहू, टेकराम साहू, शांतिलाल साहू, नंदकुमार साहू, सोमप्रकाश साहू, लिखनलाल साहू, कृष्णकुमार साहू, पूरणलाल साहू, डॉ पुरुषोत्तम साहू, गायत्री साहू, नमिता देवांगन, सुशीला छाटा, सावित्री पटेल, गीता साहू, शिवरात्रि सिन्हा, रुक्मणी साहू सहित ग्रामवासियों का सहयोग प्राप्त हुआ।

# गौवंश की तस्करी कर रहे दो आरोपी गिरफ्तार



केरेगांव पुलिस ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

गौवंश की तस्करी कर रहे दो आरोपी को केरेगांव पुलिस ने गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई।

केरेगांव पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि नीला रंग के टाटा एस क्र.सी.जी.19 बी.एफ.9863 में 3 नग गौवंश के बछड़े को ठूंसकर धमतरी से ग्राम छापरपारा ले जा रहे हैं। इस सूचना पर पुलिस ने वाहनों की नाकाबंदी की। पूछताछ में वाहन चालक ने अपना नाम रोशन साहू पिता विष्णु राम साहू उम्र 24 वर्ष साकिन रावनगुड़ा तथा साथ बैठे व्यक्ति ने अपना नाम नीलकंठ उर्फ नीलू साहू पिता ईश्वर राम साहू उम्र 40 वर्ष साकिन धौराभाठा थाना अर्जुनी जिला धमतरी बताया। गोल मोल जवाब देने पर आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर धारा 4.6.10 छ.ग.कृ.पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 एवं पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 के तहत कार्रवाई की गई। युवकों ने 3 पशुओं का परिवहन करने के संबंध में कोई वैध दस्तावेज पेश नहीं किया। जब्त पशुओं का पशु चिकित्सा अधिकारी केरेगांव से स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी केरेगांव सउनि प्रदीप सिंह, प्रआर कांति लाल साहू, डिकेश सिन्हा, आरक्षक शक्ति सोरी, डीएसएफ आर. रमेश सोनबेर का योगदान रहा।

# बच्चों को मध्यान्ह भोजन के साथ मिल रहा पौष्टिक आहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शासकीय प्राथमिक शाला सम्बलपुर में ग्रामीण व पालक अपने परिवार में खुशी एवं अन्य अवसर पर लगातार न्योता भोज का आयोजन कर रहे हैं। नए-नए पकवान, फल, अंकुरित अनाज मिलने से बच्चे काफी उत्साहित व खुश होकर स्कूल आ रहे हैं। उल्लेखनीय है कि शासन की मुख्य योजना के तहत स्कूलों में न्योता भोज का आयोजन कर बच्चों को पोषणयुक्त भोजन वितरण किया जा रहा है। इससे बच्चे बहुत उत्साहित हुए हैं। न्योता भोज के तहत सम्बलपुर संरपच राजेश चन्द्राकर ने बच्चों को खीर पूड़ी एवं केला फल दिया।

बीरबल साहू प्रधानपाठक डाही ने अंकुरित अनाज, कृष्णकुमार चन्द्राकर ने केला एवं अंगूर, श्रीमती रूक्मणी ध्रुव सेवानिवृत्त प्रधानपाठिका ने बिस्किट एवं चॉकलेट, महेन्द्र कुमार जोशी ने खीर पूड़ी, श्रीमती भुनेश्वरी यादव उपाध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति ने हलवा, श्रीमती राजकुमारी सोनी शासकीय प्राथमिक शाला सम्बलपुर ने अपने भैया स्व. राजकुमार पंसारी की पुण्यतिथि पर दाल, चावल, बड़ा, पूड़ी दिया।




स्कूल की प्रधानपाठिका श्रीमती झमित मेश्राम ने बताया कि न्योता भोज कार्यक्रम से बच्चे खुश होकर पढ़ाई कर रहे हैं। सभी दानदाताओं को शाला परिवार ने साधुवाद दिया।

# स्थगित बैठक की सूचना पर नगर भाजपा मंडल ने जताया एतराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी







आचार संहिता के बीच स्थगित बैठक की सूचना पर भाजपा नगर मंडल ने एतराज जताया है। कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए पूरे भारत देश में 16 मार्च को आचार संहिता प्रभावशाली हो गई जिसके कारण नगर निगम द्वारा 28 मार्च को आहूत की गई बजट बैठक भी अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हो जाती है लेकिन इसी बीच नगर निगम ने यह कहा कि स्थगित बैठक फिर से आयोजित किए जाने संबंधी सूचना पृथक से दी जाएगी। यह चुनाव की निष्पक्षता पर प्रश्न चिन्ह खड़ा करता है। भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष विजय साहू एवं महामंत्री द्वय निलेश लुनिया एवं अखिलेश सोनकर ने कहा कि नियम 4 तथा अधिनियम की धारा 98 के अनुसार 31 मार्च तक यदि बैठक आयोजित नहीं हो जाती है तो काउंसिल द्वारा अंगीकृत बजट को ही अंतिम माना जाएगा। आगे कहा कि 4 साल तक बजट बैठक की प्रक्रिया का पालन न करने वाला निगम अब इस स्थगन बैठक की सूचना निकालकर क्या सिद्ध करना चाहता है। नगर निगम चुनाव की मर्यादा, निष्पक्षता, पवित्रता का पूरा पालन करें।

### लायंस क्लब को मिला फ्रेंड्स रीजन का सर्वश्रेष्ठ क्लब अवार्ड

**धमतरी।** लायंस क्लब इंटरनेशनल की रीजन कांफ्रेंस होटल अमित इंटरनेशनल भिलाई में आयोजित की गई जिसमें फिल्म एवं टेलीविजन इंडस्ट्रीज की ख्यातिप्राप्त एक्ट्रेस पूरवा पराग एवं उनके पति हिंदी फिल्म कलाकार, जर्नलिस्ट एवं डायरेक्टर पराग छाफेकर, रीजन चेयरपर्सन मीनाक्षी अग्रवाल की उपस्थिति में सत्र 2023-24 में बेहतरीन सेवा गतिविधियों के लिए लायंस क्लब धमतरी फ्रेंड्स को रीजन का सर्वश्रेष्ठ क्लब अवार्ड से सम्मानित किया गया। जोन चेयरपर्सन लायन विजय अग्रवाल ने क्लब प्रेसीडेंट मनोज सोनी को सर्वश्रेष्ठ जोन अध्यक्ष का अवार्ड दिया। सरिता दोशी को सर्वश्रेष्ठ जोन क्लब सचिव एवं शकुंतला साहू को सर्वश्रेष्ठ जोन क्लब कोषाध्यक्ष के रूप में सम्मानित किया गया। लायंस क्लब धमतरी फ्रेंड्स के अध्यक्ष लायन सीए मनोज सोनी ने बताया कि सत्र 2023- 24 में हमारे क्लब ने लगभग 43 सेवा गतिविधियों के माध्यम से 18000 से अधिक लोगों की सेवा कर रीजन के सर्वश्रेष्ठ क्लब होने का गौरव प्राप्त किया है। लायंस क्लब धमतरी फ्रेंड्स के पूर्व अध्यक्ष लायन लक्ष्मण हिंदूजा, भूपेन्द्र शाह, विजय अग्रवाल, हरख जैन वर्तमान अध्यक्ष लायन मनोज सोनी, सरिता दोशी, शकुंतला साहू, ज्योति लूनिया ने रीजन कांफ्रेंस के विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सेदारी की।

# रैली निकालकर दिलाई मतदान की शपथ



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत 26 अप्रैल को लोकसभा क्षेत्र महासमुंद के विधानसभा कुरूद और धमतरी तथा लोकसभा क्षेत्र कांकेर के विधानसभा सिहावा में मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता गांधी के निर्देश और सीईओ जिला पंचायत तथा स्वीप जिला नोडल अधिकारी रोमा श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में जिले में मतदाता जागरूकता रैली, रंगोली, नारा, स्लोगन कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इन्हीं कार्यक्रमों में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय धमतरी में मतदान की शपथ दिलाई गई। शपथ में उन्होंने हम भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ ली। ग्राम पंचायत बिरेतरा, तिर्रा और कन्या महाविद्यालय में रैली निकालकर अधिक से अधिक मतदान करने प्रोत्साहित किया गया।

# निर्वाचन में मतदान एक महत्वपूर्ण कार्य : नम्रता

- स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल नगरी में अधिकारियों को दिया प्रशिक्षण
- कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने लिया प्रशिक्षण का जायजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत नगरी विकासखण्ड के पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी 1, मतदान अधिकारी 2 और मतदान अधिकारी 3 का प्रशिक्षण स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल नगरी में आयोजित किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता गांधी ने प्रशिक्षण का जायजा लिया और मतदान कार्य को निर्बाध संपादित करने के लिए प्रशिक्षण में दी जा रही जानकारियों को बारीकी से समझने कहा, ताकि मतदान के दिन यदि कोई समस्या आई तो तत्काल उसका निराकरण किया जा सके। उन्होंने सभी प्रशिक्षणार्थियों को ईवीएम और वीवीपैट मशीन की गतिविधियों को स्वयं संचालित कर देखने कहा। उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य में मतदान करवाने के साथ-साथ अपने मताधिकार का उपयोग भी करना जरूरी है, इसलिए सभी पोस्टल बैलेट पेपर नियत समय में प्राप्त कर लेवें और पोस्टल बैलेट पेपर के संबंध में पूरी जानकारी सीखें।

प्रशिक्षण में मतदान सामग्री, मतदाता सूची की चिन्हित प्रति, मतदाता पर्ची, मतदान सामग्री सीलिंग, मतदान पूर्व की तैयारी, मतदान अभिकर्ता, मॉक पोल, ईवीएम सील करना, वीवीपैट को सील करना, मतदान का प्रारंभ, वेबकॉस्टिंग की व्यवस्था, पीठासीन अधिकारी की डायरी, अभिकर्ताओं को दिए जाने वाले अभिकर्ता, दिव्यांग मतदाताओं द्वारा मतांकन, निर्वाचन कर्तव्य प्रमाण पत्र, डाक मतपत्र, अभ्याक्षेपित मत, निविदत्त मत, मतदान के दौरान निर्मित विशेष परिस्थितियां इत्यादि की बारिकी से जानकारी दी गई। साथ ही पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी-1, मतदान अधिकारी-2 और मतदान अधिकारी-3 की जिम्मेदारियों के बारे में बताया गया कि निर्वाचन में मतदान एक महत्वपूर्ण कार्य है, जिसको जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन करना है। साथ ही सभी पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी-1 को मतदान करवाने की प्रक्रिया को उत्साह और अच्छे से सीखने कहा गया। गौरतलब है कि धमतरी और कुरूद विकासखण्ड के मतदान दलों का प्रशिक्षण सेंट मेरी सीनियर सेकेण्डरी स्कूल तथा मेनोनाईट इंग्लिश मीडियम स्कूल में आयोजित किया गया।

# ऑनलाइन मार्केट का बहिष्कार और शत-प्रतिशत मतदान का लिया संकल्प



- विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल ने नवागांव, खरेंगा तथा भोथीडीह में ली कार्यकर्ताओं की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल लगातार हिंदू समाज में एकता और सुदृढ़ता लाने का काम कर रहा है। इसी तारतम्य में ग्राम नवागांव थुआ कुरूद प्रखंड में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल का गठन कर राष्ट्र व धर्म हित में शत प्रतिशत मतदान करने तथा ऑनलाइन मार्केट का बहिष्कार कर घरेलू व्यापारियों से खरीदी करने का संकल्प लिया गया। ग्राम खरेंगा तथा मगरलोड प्रखंड के अंतर्गत ग्राम भोथीडीह में विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल ने युवाओं को एकजुट कर संगठन विस्तार करने का कार्य किया। ग्राम नवागांव (थुआ) में जिलाध्यक्ष संदीप अग्रवाल, जिलामंत्री विहिप रामचन्द देवांगन और जिला सहसंयोजक डाकेश्वर साहू की उपस्थिति में युवाओं ने ऑनलाइन मार्केट से खरीदी नहीं करने तथा शत-प्रतिशत मतदान करने के साथ गांव-गांव में हनुमान चालीसा पाठ करने तथा ग्रामीण क्षेत्रों को धर्मांतरण से मुक्त करने का संकल्प लिया। ग्राम अंवरी में जिला सहमंत्री राजेंद्र साहू, प्रखण्ड मंत्री दीपक सोनी, प्रखण्ड संयोजक कुंज बिहारी के नेतृत्व में बजरंगी कार्यकर्ताओं ने धर्मांतरण के खिलाफ़ एकजुट होने, ऑनलाइन मार्केट की खरीदी का बहिष्कार करने तथा शत-प्रतिशत मतदान करवाने की शपथ ली।

ग्राम खरेंगा में प्रखंड मंत्री दिलीप साहू, खण्ड अध्यक्ष नेमचंद साहू, प्रखण्ड गौरक्षा प्रमुख घनेंद्र साहू, पदमन साहू के मार्गदर्शन में युवाओं ने बजरंग दल से जुड़कर धर्म की रक्षा और राष्ट्रभक्ति का संकल्प लिया। कार्यक्रम को संगठन के मोहन साहू ने भी संबोधित किया।

# बच्चे व युवा नगाड़े की थाप पर खूब थिरके



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

रंगों का त्योहार होली सद्भाव, भाईचारा और प्रेम का प्रतीक है। ग्राम मोखा में होली शांति एवं भाईचारे के साथ मनाई गई। रविवार को लोगों ने होलिका जलाकर सुख समृद्धि की कामना की। सोमवार को होली को लेकर बड़ों सहित बच्चों में काफी उत्साह रहा। लोगों ने एक-दूसरे पर गुलाल लगाकर होली खेली, वहीं बच्चे पिचकारियों में रंग भरकर लोगों पर रंग डालते हुए दिखाई दिए। युवा भी होली पर्व पर रंग गुलाल लगाकर झूमते दिखे। बड़ों के साथ बच्चे व युवा नगाड़े की थाप में होली गीत गाकर थिरके। महिलाओं ने भी घर-घर जाकर एक-दूसरे पर रंग गुलाल लगाकर पर्व की शुभकामनाएं दी।

### कलेक्टर ने किया सिविल अस्पताल नगरी का औचक निरीक्षण

# एनआरसी में बच्चों को एलोपैथी के साथ आयुर्वेद दवाई भी दें



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

कलेक्टर नम्रता गांधी ने नगरी में आयोजित मतदान दलों के प्रशिक्षण का जायजा लेने के बाद सिविल अस्पताल नगरी का औचक निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने पोषण पुनर्वास केन्द्र में भर्ती बच्चों के स्वास्थ्य की जानकारी ली और भर्ती होने से अब तक हुए बच्चों के वजन में बढ़ोतरी को देख प्रसन्नता जाहिर की। उन्होंने चिकित्सकों को निर्देशित किया कि वे बच्चों को एलोपैथी के साथ-साथ आयुर्वेद दवाई का सेवन भी करायें। साथ ही आयुष थेरेपी सेंटर में नियमित रूप से बच्चों की मालिश करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने माताओं को दिये जा रहे भोजन की गुणवत्ता की जानकारी ली और उन्हें भी अपने बच्चों के लिए पौष्टिक भोजन तैयार करना सिखाने कहा। इस अवसर पर कलेक्टर ने ई-रक्तकोष, आभा आईडी, दवाई स्टोर में उपलब्ध और वितरित दवाई की जानकारी ली तथा नियमित रूप से ऑनलाईन एंट्री करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत रोमा श्रीवास्तव, एसडीएम नगरी पवन कुमार, सीईओ जनपद पंचायत नगरी तथा विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. डी.आर. ठाकुर उपस्थित थे।



## खबर संक्षेप

### चटौद स्कूल को कूलर भेंट किया

**जीजामगांव।** मुरा निवासी संजीव सार्वा ने शासकीय नवीन प्राथमिक शाला चटौद को एक कूलर प्रदान किया। इससे पहले भी श्री सार्वा कई स्कूलों को सामग्री प्रदान कर चुके हैं। इस सराहनीय कार्य के लिए शाला परिवार ने उनका आभार व्यक्त किया। मौके पर प्राचार्य एचआर मरकाम, संकुल समन्वयक रमेश चंद्राकार, प्रधानपाठक लेखनी साहू समेत शिक्षकगण उपस्थित थे।

### सांकरा में मतदाता जागरुकता अभियान चलाया

**सांकरा।** ग्राम पंचायत सांकरा में लोकसभा निर्वाचन 2024 को लेकर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। लोगों ने मतदान की शपथ ली। मौके पर सरपंच श्रीमती शशि ध्रुव, सचिव मदन सेन, उपसरपंच पारस साहू, बलराम ठाकुर, राजू पटेल उपाध्यक्ष कोसरिया पटेल समाज युवा प्रकोष्ठ सांकरा क्षेत्र, रूपेश्वरी पटेल रोजगार सहायिका, ईश्वर मत्स्यपाल, रूपेश पटेल सहित समस्त पंच व नगरवासी मौजूद थे।

### रावनगुड़ा में उत्साह से मनी होली

**सांकरा।** ग्राम पंचायत सांकरा में लोकसभा निर्वाचन 2024 को लेकर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। लोगों ने मतदान की शपथ ली। मौके पर सरपंच श्रीमती शशि ध्रुव, सचिव मदन सेन, उपसरपंच पारस साहू, बलराम ठाकुर, राजू पटेल उपाध्यक्ष कोसरिया पटेल समाज युवा प्रकोष्ठ सांकरा क्षेत्र, रूपेश्वरी पटेल रोजगार सहायिका, ईश्वर मत्स्यपाल, रूपेश पटेल सहित समस्त पंच व नगरवासी मौजूद थे।

### देश के वीर शहीदों को किया नमन

**धमतरी।** विभिन्न संगठनों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा शहीद दिवस पर शास्त्री चौक के समीप मकई गार्डन में श्रद्धांजलि व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से शहीदे आजम सरदार भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु, हेमू कालाणी व डॉ. राममनोहर लोहिया को भारत का सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न प्रदान करने महामहिम राष्ट्रपति के नाम एसडीएम को मांग पत्र सौंपा गया। कार्यक्रम में मौजूद वक्ताओं ने कहा कि जिन वीर शहीदों की बदौलत हमें यह आजादी मिली है, उन्हें लोग भूलते चले जा रहे हैं। इसका प्रमुख कारण यह भी है कि हम अपने बच्चों को देश के अमर शहीदों व वीरांगनाओं के बारे में सही शिक्षा नहीं दे पा रहे हैं। वक्ताओं ने शहीद मिंधू कुम्हार, बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव, नारायण राव मेघावाले, नत्थू जी जगताप, श्यामलाल नेताम, सुखराम नागे, डॉ. शोभाराम देवांगन, शिवसिंह वर्मा को याद किया। मौके पर कार्यक्रम के संयोजक सत्यवान यादव, संचालक जीआर बंजारे, मदन यदु, गगन कुंभकार, भूषण सिंह पटेल, साहेब अली, कोमल संभाकर, गोपाल कामड़े, सुरेश मुंजवानी, सैयद जफर अली हाशमी, दिनेश्वर कुंभकार, रमेश, राजकुमार सोनवानी, आकाश भोजवानी, मनोज यादव, कमल निर्मलकर, मोटा भाई, समीर कुरैशी उपस्थित थे।

आज के दिन ही ईसा मसीह को क्रूस पर चढ़ाया गया था

# ईसाई समुदाय ने गुड फ्राइडे मनाया चर्च में की तीन घंटे आराधना

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी







शुक्रवार को ईसाई समुदाय ने प्रभु यीशु को याद कर गुड फ्राइडे मनाया एवं चर्च पहुंचकर प्रभु की 3 घंटे तक आराधना की। प्रमुख कार्यक्रम सुंदरगंज मेनोनाइट चर्च में हुआ, जहां सभी समाजजन एकत्रित हुए। प्रमुख वक्ता के रूप में रायपुर से पहुंची शांति रावटे ने सात वाणियों का वर्णन कर उपदेश दिया। चर्च में विशेष आराधना सुबह 9:30 बजे शुरू हुई। क्वायर ग्रुप द्वारा गीतों की प्रस्तुति दी गई। मुख्य वक्ता श्रीमती रावटे ने बाइबिल के सात वाणियों का उपदेश देते हुए कहा कि आज के ही दिन ईसा मसीह को क्रूस पर चढ़ाया गया था। तीसरे दिन वे फिर जीवित हो गए। तबसे इस दिन को ईस्टर पर्व के रूप में मनाया जाता है। ईसा मसीह को सूली पर चढ़ने और मानवता के लिए दी गई कुर्बानी के लिए याद किया जाता है। इस दिन को ईसाई समुदाय के लिए सबसे खास माना जाता है।

मान्यता है कि ईसा मसीह ने पूरी दुनिया से बुराई खत्म करने के लिए अपना बलिदान दिया था। इस दिन ईसाई समुदाय के लोग उपवास भी रखते हैं। चर्च जाकर प्रभु को याद करते हैं। ईसा मसीह के बलिदान और उनके अंतिम शब्दों को खास घटनाओं के रूप में दर्शाया जाता है।

मौके पर सेवक एस. ख्रिष्टी, सेवक अनिल राघवा, सेविका येलमा महतो, सेवक किरण जानसन, सेविका अर्चना नेताम, सेविका सोनवानी, डॉ. नीरज नेताम, योगेश लाल, वालेश चरण, कल्याण मसीह, डॉ. एस. पटौंदा, पादरी पीके सिंग, आर. पीटर, सपना पाल, राकेश सालोमन, डॉ. विक्टर, प्रणय तिवारी, प्रणय लाल, संगीता नाथ, पास्टर डायमंड फिलिस सहित ईसाई समुदाय के सभी लोग उपस्थित थे।

### गुड फ्राइडे का इतिहास

गुड फ्राइडे की शुरूआत तबसे होती है जब लोगों के बीच ईसा मसीह की बढ़ती लोकप्रियता ढोंगी धर्मगुरूओं को अखटने लगी थी। उन्होंने ईसा की शिकायत शासन से कर दी। इसके बाद सूली पर मृत्युदण्ड देने का फरमान जारी कर दिया गया। चाबुक बरसाने और कांटों का ताज पहनाने के बाद कील ठोंकते हुए प्रभु यीशु को सूली पर लटकाया गया। बाइबिल के अनुसार शुक्रवार का दिन था इसलिए इसे गुड फ्राइडे कहा जाता है। तीन दिन बाद पुनः जीवित होने पर ईस्टर पर्व मनाया जाता है।

## सांसद प्रतिनिधि के प्रयास से मिला मजदूरों को मेहनताना



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

डुबान क्षेत्र में राज्य और केंद्र सरकार की अनेक योजनाएं संचालित हैं परंतु कई योजनाओं में काम करने वाले मजदूरों को अपनी मजदूरी के लिए दर-दर भटकना पड़ता है। ज्ञात हो कि डुबान क्षेत्र के 9 मजदूरों ने पीएचई विभाग के फ्लोराइड प्लांट में काम किया था। लेकिन उनका भुगतान अटका हुआ था। कई बार सरकारी कार्यालय के चक्कर भी काटे नतीजा सिफर रहा। मजूदरों ने अपनी व्यथा सांसद प्रतिनिधि उमेश साहू को बताई।

श्री साहू ने जिला पंचायत के सभाकक्ष में इस मुद्दे को रखा। कलेक्टर को भी उन्होंने इन परिस्थितियों से अवगत कराया। कलेक्टर ने इस विषय को पूरी गंभीरता से लेते हुए कार्यवाही के निर्देश दिए। प्रशासन ने मजूदरों को चेक दिया। डुबान के मजदूर मजदूरी चेक प्राप्त कर प्रसन्न नजर आए और श्री साहू द्वारा किए गए प्रयास के लिए कार्यालय पहुंचकर उनका आभार व्यक्त किया।

## 1 अप्रैल से सुबह स्कूल लगाने की मांग

- छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने जिला शिक्षा अधिकारी से की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने गर्मी को देखते हुए 1 अप्रैल से सुबह स्कूल लगाने का आदेश जारी करने की मांग की है। जिला अध्यक्ष डॉ भूषण लाल चंद्राकार, प्रदेश उपाध्यक्ष देवनाथ साहू, प्रदेश कोषाध्यक्ष शैलेंद्र पारीक, धमतरी ब्लॉक अध्यक्ष गेवाराम नेताम ने बताया कि मार्च माह से ही प्रदेश में भीषण गर्मी प्रारंभ हो गई है। जिले में भी गर्मी का भीषण प्रकोप देखने को मिल रहा है। ऐसी स्थिति में स्कूल शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा वर्ष 2018 में 1 अप्रैल से समस्त स्तर की शालाएं प्रातः 7:30 से लेकर 11:30 बजे तक संचालित करने का आदेश जारी किया था। इस स्थाई आदेश के परिपालन में प्रतिवर्ष जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से पत्र के माध्यम से जिले की समस्त संस्थाओं को 1 अप्रैल से सुबह विद्यालय लगाने के लिए आदेश जारी किया जाता है परंतु जिले में अभी तक यह आदेश प्रसारित नहीं किया गया है। जिलाध्यक्ष श्री चंद्राकर ने जिला शिक्षा अधिकारी से टेलीफोनिक चर्चा कर 1 अप्रैल से प्रातः कालीन विद्यालय संचालित करने का आदेश शीघ्र जारी करने की मांग की है।

## तुषार कांग्रेस आईटी सेल के लोकसभा अध्यक्ष नियुक्त

- लोस चुनाव के पूर्व प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने नई नियुक्तियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



लोकसभा चुनाव से पूर्व प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा विभिन्न पदों पर नई नियुक्तियां की गई, जिसमें धमतरी कांग्रेस आईटी सेल एवं सोशल मीडिया जिलाध्यक्ष तुषार जैस को पदोन्नत कर लोकसभा अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

सोशल मीडिया में उनकी सक्रियता को देखते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज एवं कांग्रेस आईटी सेल एवं सोशल मीडिया की राष्ट्रीय अध्यक्ष सुप्रिया श्रीनेत के आदेश पर कांग्रेस आईटी सेल एवं सोशल मीडिया के प्रदेश अध्यक्ष जयवर्धन बिस्सा द्वारा नियुक्ति पत्र जारी किया गया। श्री जैस ने अपनी इस नियुक्ति पर राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल,प्रदेश उपाध्यक्ष बीरेश ठाकुर, महासमुंन्द लोकसभा प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू, कांग्रेस आईटी सेल प्रदेश अध्यक्ष जयवर्धन बिस्सा,पूर्व अध्यक्ष दिव्यांगजन सलाहकार बोर्डमोहन लालवानी, जिलाध्यक्ष शरद लोहाना, महापौर विजय देवांगन, विधायक ओमकार साहू को धन्यवाद ज्ञापित किया है। उन्होंने बताया कि पूर्व प्रदेश कांग्रेस सचिव आनंद पवार के मार्गदर्शन में उन्होंने अपने पूर्व दायित्वों का निर्वहन किया है। उनकी नियुक्ति पर अनेक लोगों ने हर्ष जताया है।

## कमार महिलाएं कर रहीं मतदाताओं को जागरूक

**धमतरी।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता गांधी के निर्देश और सीईओ जिला पंचायत तथा स्वीप जिला नोडल अधिकारी रोमा श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में जिले में स्वीप गतिविधियां चलाई जा रहीं हैं। मतदाता जागरूकता की दिशा में जिले की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, शिक्षिकाएं, स्व-सहायता समूह, क्लस्टर, छत्तीसगढ़ खादी तथा हाथकरघा बोर्ड की महिलाओं के साथ ही विशेष पिछड़ी जनजाति कमार महिलाएं भी बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रही हैं। इस दौरान महिलाएं सशक्त लोकतंत्र में पहचान, सशक्त नारी शत-प्रतिशत मतदान का संदेश दे रही हैं। जिले के वनांचल नगरी विस के गढ़डोंगरी, राजपुर, घुटकेल सहित आसपास के बसाहटों में कमार महिलाएं लोगों को लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत आगामी 26 अप्रैल को होने वाले मतदान में शत-प्रतिशत वोट डालने के लिए प्रेरित कर रही हैं। वहीं रैली निकालकर, शपथ दिलाकर अधिक से अधिक मतदान करने की समझाईश भी लोगों को दे रही हैं।

## ध्रुव गोंड़ समाज के नव मनोनीत सदस्यों ने ली शपथ



- विकसित समाज बनाने की दिशा में काम करेंगे : जीवराखन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

आदिशक्ति मां अंगारमोती सभाहाल में आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज के सामान्य प्रभाग, महिला प्रभाग तथा युवा प्रभाग के नव मनोनीत सदस्यों ने आराध्य देव बूढ़ादेव एवं आदिशक्ति अंगारमोती माता को साक्षी मानकर सत्यनिष्ठा के साथ पद की शपथ ली। पदाधिकारियों ने आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज के नियमावली एवं आदिवासी रुढ़िजन्य परम्परा का पालन करने, समाज की रीति-नीति, परम्परा, सभ्यता, संस्कृति एवं अनुशासन का पालन कराने एवं समाज को संगठित करने व सभी को साथ लेकर अपने कर्तव्य का निर्वहन करने का वचन दिया। इस अवसर पर मां अंगारमोती ट्रस्ट के अध्यक्ष जीवराखन मरई ने कहा कि हम सभी समाज को विकसित समाज बनाने की दिशा में काम करेंगे। ध्रुव गोंड़ समाज के अध्यक्ष माधव सिंह ठाकुर ने कहा कि रोटी-बेटी के साथ सामाजिक गतिविधियों को जोर देते हुए ध्रुव गोंड़ समाज को मजबूत बनाएंगे। कार्यक्रम के अंत में समाज ने होली मिलन मनाया। एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दी।

इस मौके पर डॉ. एआर ठाकुर, शिवप्रसाद कोर्राम, अरविन्द नेताम, सुजान सिंह मंडावी, उदय नेताम, ढालू राम ध्रुव, शिव नेताम, संतोष कुमार ध्रुव, संतोष कुंजाम, कोमल नेताम, हरिशचंद नेताम, माखन ध्रुव, केवल सिंह नेताम, अश्वनी ठाकुर, चुन्नीलाल ध्रुव,रामेश्वर मरकाम, चन्द्रकला नेताम, अनीता ठाकुर, शशि ध्रुव, गीता नेताम, तिजेन्द्र कुंजाम, नीलू छैदेहा, बंटी मरकाम, कृष्णा मरकाम, दीपक नेताम, दिग्विजय सिंह ध्रुव, जागेश्वर नेताम, कंचन ध्रुव, सविता नेताम समेत बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

भाजपा शहर मंडल के होली मिलन कार्यक्रम में शामिल हुईं भाजपा प्रत्याशी

## खुशियों एवं आपसी भाईचारे का पर्व है होली : रूपकुमारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



भाजपा शहर मंडल द्वारा होली मिलन कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम में महासमुंद लोकसभा की प्रत्याशी श्रीमती रूपकुमारी चौधरी शामिल हुईं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि होली खुशियों एवं आपसी भाईचारे का त्यौहार है। आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत देश को अग्रणी दिशा की ओर ले जा रहे हैं। आज हम विश्व में सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर उभरे हैं। एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी पर अपना विश्वास दिखाएं और मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाएं।

आगे कहा कि मोदी जी गारंटी पर छत्तीसगढ़ में आज विष्णुदेव की सरकार बनी है। उन्होंने अपने घोषणा पत्र में जो वादा किया था, उन वादों को पूरा करने में लग गए हैं। किसानों को एकमुश्त 3100 रुपए, बकाया 2 साल का बोनस, महतारी वंदन योजना के 70 लाख बहन बहनों को 1000 रूपए दिए जा रहे हैं। इस दौरान फूलों और गुलाल से होली खेली गई।

मंडल अध्यक्ष विजय साहू, निलेश लुनिया, अखिलेश सोनकर, गंगाप्रसाद सिन्हा, श्रीमती दमयंती गजेंद्र, संगीता जगताप, सीमा चौबे, मुकेश शर्मा, केवल साहू, अमृत साहू ने कहा कि इस वर्ष भी होली मिलन का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें शहर के सभी वार्डों के बूथ अध्यक्ष एवं प्रभारीगण पहुंचे थे। कार्यक्रम में श्रीमती रंजना साहू, निर्मल बरड़िया, शशि पवार, अरविंदर मुंडी, कविंद्र जैन, नरेंद्र रोहरा, अविनाश दुबे, प्रीतेश गांधी, दीपक गजेंद्र, सुनील पटेल, शिव शर्मा, भूपेंद्र शाह, अजीत साहू, महावीर सिन्हा, ज्ञानिक रामटेके, प्रकाश शर्मा, विनोदराव राणसिंह, शिवदत्त उपाध्याय, चेतन हिंदुजा, मिथिलेश सिन्हा, रितेश नेताम, सलज अग्रवाल, सत्येंद्र शर्मा, बीथिका विश्वास, रितिक यादव, भारत सोनी, अनीता सोनकर, संगीता जगताप, सरिता यादव, ज्योति यादव, सीमा चौबे समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

## मतदाताओं को जागरूक करने मनाई गई स्वीप होली



**धमतरी।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता गांधी के निर्देश और सीईओ जिला पंचायत तथा स्वीप जिला नोडल अधिकारी रोमा श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में जिले में होली के दौरान मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। आम लोगों को मताधिकार की जानकारी दी गई। इसके अलावा सभी से लोकसभा चुनावी महापर्व में हिस्सा लेने का आग्रह किया गया। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती जगरानी एक्का, परियोजना अधिकारी श्रीमती चित्ररेखा यादव सहित बड़ी संख्या में मोहल्लेवासी उपस्थित रहे।




## वुमेंस क्रिकेट ट्रायल का आयोजन 7 अप्रैल को

- राज्य के पांच स्टेडियम में एकसाथ सुबह 7 बजे ट्रायल शुरू होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा महिला क्रिकेट खिलाड़ियों के लिए ट्रायल का आयोजन 7 अप्रैल को किया गया है। ट्रायल में नई प्रतिभाओं को सामने लाने का प्रयास किया जाएगा। ट्रायल अंडर-15, अंडर-19, अंडर-23 तथा सीनियर आयु वर्ग के लिए आयोजित होगा। न्यू क्रिकेट ग्राउंड कांकेर में ट्रायल के लिए संबंधित जिले दंतेवाड़ा, बस्तर, नारायणपुर, कांकेर, धमतरी की खिलाड़ी आ सकती हैं। इसी तरह दिग्विजय सिंह स्टेडियम राजनांदगांव में दुर्ग, राजनांदगांव, कवर्धा के खिलाड़ी, आरजीसीए ग्राउंड रायपुर में रायपुर, महासमुंद, भिलाई, बीएसपी की खिलाड़ी, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम बिलासपुर में संबंधित जिले बिलासपुर, कोरबा, रायगढ़ तथा जांजगीर चांपा की खिलाड़ी, महात्मा गांधी स्टेडियम अंबिकापुर में जशपुर, सरगुजा तथा कोरिया जिले की खिलाड़ी भाग ले सकती हैं। संघ के सचिव अजय बाबर ने बताया कि धमतरी जिले की खिलाड़ी अपने हुनर का प्रदर्शन करने सामने आ सकती हैं। ट्रायल के लिए खिलाड़ियों को संबंधित जिला संघ में ऑनलाइन पंजीयन कराना अनिवार्य है। खिलाड़ियों को रंगीन ड्रेस और साथ में किट लाना अनिवार्य है। ट्रायल सफेल बाल से होगा।

